केन्द्रीय विद्यालया मनौरी इलाहाबाद

प्रथम ईकाई परीक्षा -2017

कक्षा- VII- हिन्दी

अधिकतम अंक -40 **समय - 1.30 घंटा**

प्र ० 1 - नीचे लिखे गए अपठित गदयांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नो के सही उत्तर को छाट्कर लिखो -

आज के करीब डेढ़ हजार साल से पहले चीन मे बारूद का आविष्कार हुआ , फिर ईसा की ग्यारहवी सदी मे चिनियों ने राकेट भी बनाए लगभग उसी समय भारत को भी बारूद की जानकारी मिली , भारत को यह जानकारी या तो किमियागरों से मिली या भारतीय बन्दरगाहों मे पाहुचने वाले चीनी व्यापारियो के जरिये । आज भी आतिशबाज़ी के पटाखो का सबसे ज्यादा उत्पादन दक्षिण भारत मे ही होता है । राकेटो का भी ज्यादा इस्तेमाल दक्षिण भारत मे ही हुआ है । राकेटो के लिए लोहे के खोलो का इस्तेमाल संभवत भारत की ही खोज है । **1 x 5 = 5**

प्र ० 1(क) चीन मे बारूद का आविष्कार कब हुआ ?

प्र ० 1(ख) चिनियों ने राकेट कब बनाया ?

प्र ० 1(ग) आतिशबाज़ी के लिए पटाखो का सबसे अधिक उत्पादन कहा होता है ?

प्र ० 1(घ) राकेटो का युद्धो के लिए ज्यादा इस्तेमाल कहा हुआ है ?

प्र ० 1(ङ) राकेटो के लिए लोहे की खोलो के इस्तेमाल की खोज कहा हुई है ?

प्र ० 2 - नीचे लिखे गए अपठित पद्य खंड को पढ़कर पूछे गए प्रश्नो के सही उत्तर को छाट्कर लिखो -

बरसा रहा है रवि अनल ,भूतल तवा सा - जल रहा।
चल रहा सन- सन पवन तन से पसीना ढल रहा ।
देखो कृषक शोणित सुखाकर हल तथापि चल रहे ।
किस लोभ से इस आंच मे अपना शरीर जला रहे ।
मध्याहन उनकी गृहनिया ले रोटिया पहुची वही
है रोटिया सुखी उसे है साग की चिंता नहीं ।
भर पेट भोजन पा गए तो भाग्य मानो जग गये । **1 x 5 = 5**

प्र ० 2(क)- काव्याश मे किस ऋतु का वर्णन किया गया है ?

1 - शरद ऋतु 2- ग्रीष्म ऋतु

3 - वर्षा ऋतु 4- वसंत ऋतु

प्र ॰ 2(ख) किसान के शरीर से पसीना क्यो बह रहा है ।

1 - पवन चलने के कारण 2- शोणित सुखाने के कारण

3 - गर्मी मे हल चलाने के कारण 4- चारो ओर अनल होने के कारण

प्र ॰ 2(ग) किसानो की पत्निया रोटिया लेकर कहा पाहुची है

1 बाग मे 2 पेड़ो के पास

3 चौपाल मे 4 खेत मे

प्र ॰ 2(घ) किसान अपना भाग्य जगाना किसे मानते है ?

1 - फसल बोने को 2- हल चलाने को

प्र ॰ 2(ङ) अनल शब्द का पर्यायवाची शब्द क्या होगा ?

1 - पानी 2- आग

3 - धरती 4- आकाश

प्र ॰ 3 - हिमालय पर्वत के विषय मे एक अनुच्छेद लिखिए ? 3

प्र ॰ 4 - अपने विद्यालय के प्राचार्य को संबोधित करते हुये पाँच दिन के अवकाश हेतु एक प्रार्थना -पत्र लिखो ? 3

प्र ॰ 5 - नीचे लिखे गए प्रश्नो के उत्तर अपने शब्दो मे लिखिए - 3 x 8 = 24

(क) पक्षियो को कड़वी निबौरी क्यो पसंद है ?
(ख) पाठ के अनुसार बच्चे किस महीने मे झागदार पानी मे नहाते है ?
(ग) कठपुतली को गुस्सा क्यो आया ?
(घ) मुरली वाले की मुरलियां सस्ती क्यो थी ?
(ङ) अनिमिया क्या होती है ?
(च) 'भीष्म प्रतिज्ञा' क्या है ? इसका अर्थ स्पष्ट करो ?
(छ) कुंती कौन थी ? इनके कितने पुत्र थे ?
(ज) अम्बा कौन थी ? और वह शिखंडी क्यू बनी ?